# चम्पारण ज्ञानाग्रह

**प्रार्थना-सभा सामग्री, दिनांक– 18 मार्च 2026, अंक –239.**

**प्रस्तुतिः- GOVT. PS बोदसर, बगहा-2, प. चम्पारण (10010803702)**

**सौजन्य :- "TEACHERS OF BIHAR - THE CHANGE MAKERS."**




"सकारात्मक सोच ही सकारात्मक परिणाम देती है।"
— नॉर्मन विन्सेंट पील



विद्यार्थियों की बौद्धिक और नैतिक
उन्नति की ओर....

**संपादकः- शैलेन्द्र कुमार**



www.teachersofbihar.org

अनुभाग-1

# "प्रार्थना-सभा सामग्री"

## Wednesday Prayer

तू ही राम है, तू रहीम है,
तू करीम कृष्ण खुदा हुआ।
तू ही वाहे गुरु तू यीशू मसीह
हर नाम में तू समा रहा।
तू ही राम है..........................................।

तेरी जात पाक कुरान में,
तेरा दरस वेद पुराण में।
गुरु ग्रन्थजी क े बखान में,
तू प्रकाश अपना दिखा रहा।
तू ही राम है..........................................।

अरदास है कहीं कीरतन
कहीं रामधुन कहीं आवहन।
विधि भेद का यह है सब रचन,
तेरा भक्त तुझको बुला रहा।
तू ही राम है..........................................।

तेरा गुण नहीं हम गा सकें,
तुझे कैसे मन में ध्या सके।
है दुआ यहीं तुझे पा सकें,
तेरे दर पे सर ये झुका हुआ।
तू ही राम है..........................................।

## बिहार राज्य गीत

मेरे भारत के कंठहार ,
तुझको शत-शत वंदन बिहार..!

तू वाल्मीकि की रामायण
तू वैशाली का लोकतंत्र,
तू बोधिसत्व की करूणा है
तू महावीर का शांतिमंत्र
तू नालंदा का ज्ञानदीप
तू हीं अक्षत चंदन बिहार

तू है अशोक की धर्मध्वजा
तू गुरूगोविंद की वाणी है
तू आर्यभट्ट तू शेरशाह
तू कुंवर सिंह बलिदानी है
तू बापू की है कर्मभूमि
धरती का नंदन वन बिहार।

तेरी गौरव गाथा अपूर्व
तू विश्व शांति का अग्रदूत
लौटेगा खोया स्वाभिमान
अब जाग चुके तेरे सपूत
अब तू माथे का विजय तिलक
तू आँखों का अंजन बिहार
तुझको शत-शत वंदन बिहार
मेरे भारत के कंठहार ॥

## राष्ट्रीय गीत (190 सेकंड)

वन्दे मातरम्।
सुजलां सुफलां मलयजशीतलाम्,
शस्यश्यामलां मातरम्।
वन्दे मातरम्॥
शुभ्रज्योत्स्ना पुलकित यामिनीम्,
फुल्लकुसुमित द्रुमदलशोभिनीम्,
सुहासिनीं सुमधुर भाषिणीम्,
सुखदां वरदां मातरम्।
वन्दे मातरम्॥
कोटि-कोटि कण्ठ कलकल निनाद कराले,
कोटि-कोटि भुजैर्धृत खरकरवाले,
अबला केनो मा एतो बले?
बहुबलधारिणीं नमामि तारिणीं,
रिपुदलवारिणीं मातरम्।
वन्दे मातरम्॥
त्वं हि विद्या, त्वं हि धर्म,
त्वं हि हृदि, त्वं हि मर्म,
त्वं हि प्राणाः शरीरे।
बाहुते त्वं मा शक्ति,
हृदये त्वं मा भक्ति,
तोमारइ प्रतिमा गढ़ि
मन्दिरे-मन्दिरे।
वन्दे मातरम्॥
त्वं हि दुर्गा दशप्रहरणधारिणी,
कमला कमलदलविहारिणी,
वाणी विद्यादायिनी नमामि त्वाम्।
नमामि कमलाम् अमलाम् अतुलाम्,
सुजलां सुफलां मातरम्।
वन्दे मातरम्॥
श्यामलां सरलां सुस्मितां भूषिताम्,
धरणीं भरणीं मातरम्।
वन्दे मातरम्॥

## राष्ट्रगान

जन-गण-मन अधिनायक जय हे
भारत-भाग्य-विधाता।
पंजाब-सिंधु-गुजरात-मराठा
द्रविड़-उत्कल-बंग।
विंध्य-हिमाचल-यमुना-गंगा
उच्छल-जलधि-तरंग।
तव शुभ नामे जागे,
तव शुभ आशिष मांगे,
गाहे तव जय-गाथा।
जन-गण-मंगलदायक जय हे
भारत-भाग्य-विधाता।
जय हे, जय हे, जय हे,
जय जय जय जय हे।।


संकलन:-
शैलेन्द्र कुमार
प्रधान शिक्षक
Govt. PS बोदसर,
बगहा-2, प. चंपारण।




# संविधान की प्रस्तावना

हम, भारत के लोग,
भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व-संपन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए, तथा उसके समस्त नागरिकों को: सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए, तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता एवं अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में आज तारीख 26 नवम्बर, 1949 ई० (मिति मार्ग शीर्ष शुक्ल सप्तमी, संवत् दो हजार छह विक्रमी) को एतद् द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं।

# मौलिक अधिकार

1. "समता का अधिकार (Right to Equality.)" - अनुच्छेद 14–18
2. "स्वतंत्रता का अधिकार - (Right to Freedom.)" - अनुच्छेद 19–22
3. "शोषण के विरुद्ध अधिकार (Right against Exploitation.)" - अनुच्छेद 23–24
4. "धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार (Right to Freedom of Religion.)" - अनुच्छेद 25–28
5. "संस्कृति एवं शिक्षा संबंधी अधिकार (Cultural and Educational Right.)" - अनुच्छेद 29–30
6. "संवैधानिक उपचारों का अधिकार (Right to Constitutional Remedies.)" - अनुच्छेद 32

# मौलिक कर्तव्य

अनुच्छेद 51(क) – मौलिक कर्तव्य:
भारत के प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य होगा कि वह –
(1.) संविधान का पालन करे और उसके आदर्शों, संस्थाओं, राष्ट्रध्वज और राष्ट्रगान का आदर करे;
(2.) स्वतन्त्रता के लिए हमारे राष्ट्रीय आन्दोलन को प्रेरित करने वाले उच्च आदर्शों को हृदय में संजोए रखे और उनका पालन करे;
(3.) भारत की प्रभुता, एकता और अखण्डता की रक्षा करे और उसे अक्षुण्ण रखे;
(4.) देश की रक्षा करे और आह्वान किए जाने पर राष्ट्र की सेवा करे;
(5.) भारत के सभी लोगों में समरसता और समान भ्रातृत्व की भावना का निर्माण करे जो धर्म, भाषा और प्रदेश या वर्ग पर आधारित सभी भेदभाव से परे हो; ऐसी प्रथाओं का त्याग करे जो स्त्रियों के सम्मान के विरुद्ध हैं;
(6.) हमारी सामासिक संस्कृति की गौरवशाली परम्परा का महत्त्व समझे और उसका परिरक्षण करे;
(7.) प्राकृतिक पर्यावरण, जिसके अंतर्गत वन, झील, नदी और वन्य जीव हैं, की रक्षा करे और उसका संवर्धन करे तथा प्राणिमात्र के प्रति दयाभाव रखे;
(8.) वैज्ञानिक दृष्टिकोण, मानववाद और ज्ञानार्जन तथा सुधार की भावना का विकास करे;
(9.) सार्वजनिक सम्पत्ति की रक्षा करे और हिंसा से दूर रहे;
(10.) व्यक्तिगत और सामूहिक गतिविधियों के सभी क्षेत्रों में उत्कर्ष की ओर बढ़ने का सतत प्रयास करे जिससे राष्ट्र निरन्तर बढ़ते हुए प्रयत्नों द्वारा उन्नति की नई ऊँचाइयों को छू ले;
(11.) यदि वह माता-पिता या संरक्षक है, तो छह वर्ष से चौदह वर्ष तक की आयु वाले अपने, यथास्थिति, बच्चे या प्रतिपाल्य को शिक्षा के अवसर प्रदान करे।

# वर्ग:- प्राथमिक (1 - 5) के लिए

## सामान्य-ज्ञान

प्रश्न 1: जापान की राजधानी कहाँ है?
उत्तर: टोक्यो
प्रश्न 2: विश्व की सबसे बड़ी ताजे पानी की झील (Freshwater Lake) कौन सी है?
उत्तर: सुपीरियर झील (Lake Superior)
प्रश्न 3: 'भरतनाट्यम' किस राज्य का सबसे पुराना और प्रसिद्ध शास्त्रीय नृत्य है?
उत्तर: तमिलनाडु
प्रश्न 4: एक 'लीप वर्ष' (Leap Year) में कुल कितने दिन होते हैं?
उत्तर: 366 दिन (फरवरी माह 29 दिन का होता है)
प्रश्न 5: बिहार में कुल कितने जिले हैं?
उत्तर: 38 जिले
प्रश्न 6: पृथ्वी का फेफड़ा (Lungs of the Earth) किस वन को कहा जाता है?
उत्तर: अमेज़न वर्षावन (Amazon Rainforest)
प्रश्न 7: शून्य (0) और दशमलव (Decimal System) का आविष्कार किस देश के गणितज्ञों ने किया था?
उत्तर: भारत
प्रश्न 8: भारत के संविधान में कुल कितनी अनुसूचियाँ (Schedules) हैं?
उत्तर: 12 अनुसूचियाँ
प्रश्न 9: 'रामचरितमानस' के रचयिता कौन हैं?
उत्तर: गोस्वामी तुलसीदास
प्रश्न 10: प्रकाश संश्लेषण (Photosynthesis) की प्रक्रिया में पौधे कौन सी गैस बाहर छोड़ते हैं?
उत्तर: ऑक्सीजन

संकलन:-

पिन्टू कुमार
विद्यालय अध्यापक
UHS रामपुर, बगहा-2

## शब्द - संगम

Lean (लीन) – झुकना / टिकना
Leant (लेन्ट) – झुका / टिका
Leant (लेन्ट) – झुकाया गया / टिका हुआ

Light (लाइट) – जलाना / रोशन करना
Lit (लिट) – जलाया
Lit (लिट) – जलाया गया / जला हुआ

Sow (सो) – बीज बोना
Sowed (सोउड) – बोया
Sown (सोन) – बोया गया


संकलन:-
सौरभ कुमार
विद्यालय अध्यापक
Govt. UMS गोइती
बगहा-2, प. चम्पारण

## English गप-शप

थीम: Evening Time (शाम का समय)

चलो होमवर्क करें। – Let us do homework.
पहले पढ़ाई करो। – Study first.
फिर खेलो। – Then play.
समय पर सो जाओ। – Go to bed on time.


संकलन:-
सुनील कुमार राम
प्रधान शिक्षक
Govt. PS चिउटाहां
बगहा-2, प. चम्पारण

# "सामान्य-ज्ञान"(वर्ग:6-12)

1. आज 18 मार्च को भारत की रक्षा आत्मनिर्भरता के प्रतीक के रूप में कौन सा गौरवशाली दिवस मनाया जा रहा है? (दिवस ज्ञान)
उत्तर: आयुध निर्माणी दिवस (Ordnance Factories Day)
व्याख्या: भारत में प्रतिवर्ष 18 मार्च को आयुध निर्माणी दिवस मनाया जाता है। 1802 में आज ही के दिन कोलकाता के 'कोसीपोर' में भारत की पहली आयुध निर्माणी की स्थापना हुई थी। यह दिवस भारतीय सशस्त्र बलों के लिए उच्च स्तरीय हथियारों और गोला-बारूद के निर्माण में लगे वैज्ञानिकों और कर्मियों के योगदान को सम्मानित करता है।
संदर्भ: Ministry of Defence, India (2026).

2. हाल ही में 'बिहार सरकार' ने किस जिले में 'राज्य का पहला वन्यजीव अस्पताल' (Wildlife Hospital) खोलने की स्वीकृति प्रदान की है? (समसामयिकी)
उत्तर: मुजफ्फरपुर
व्याख्या: मार्च 2026 में मुजफ्फरपुर के शेरपुर में बिहार के पहले वन्यजीव अस्पताल के निर्माण को हरी झंडी दी गई है। यह अस्पताल घायल जंगली जानवरों और पक्षियों के अत्याधुनिक इलाज और पुनर्वास के लिए समर्पित होगा। पर्यावरण और वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में यह राज्य की एक बड़ी उपलब्धि है।
संदर्भ: Department of Environment, Forest and Climate Change, Bihar (March 2026).

3. "प्रशस्ति" शब्द का क्या अर्थ है, जिसका प्रयोग प्राचीन राजाओं के यशगान हेतु किया जाता था? (इतिहास)
उत्तर: प्रशंसा में (In Praise of)
व्याख्या: प्रशस्तियाँ वे विशेष अभिलेख होते थे जो दरबारी कवियों द्वारा अपने राजाओं की विजयों और गुणों के बखान के लिए लिखे जाते थे। उदाहरण के लिए, समुद्रगुप्त की 'प्रयाग प्रशस्ति' उसके साम्राज्य विस्तार की सटीक जानकारी देती है। यह ऐतिहासिक स्रोतों के रूप में अत्यंत महत्वपूर्ण दस्तावेज हैं।
संदर्भ: NCERT Class 6 History (Our Pasts-I), Ch 10, p. 105.

4. पृथ्वी की किस परत को 'श्वेत कोयला' या 'सियाल' (SIAL) के नाम से भी जाना जाता है? (भूगोल)
उत्तर: भू-पर्पटी (Crust)
व्याख्या: पृथ्वी की सबसे ऊपरी परत को 'सियाल' कहा जाता है क्योंकि इसमें मुख्य रूप से सिलिका (Si) और एल्युमिनियम (Al) तत्व पाए जाते हैं। यह परत महाद्वीपों के नीचे लगभग 35 किमी तक गहरी होती है। पृथ्वी की आंतरिक संरचना को समझने के लिए यह पहली और सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है।
संदर्भ: NCERT Class 7 Geography, Ch 2 (Inside Our Earth), p. 8.

5. वर्ष 1919 के 'रॉलेट एक्ट' को भारतीय नेताओं ने क्या कहकर पुकारा था? (इतिहास)
उत्तर: काला कानून (Black Act)
व्याख्या: ब्रिटिश सरकार ने 1919 में रॉलेट एक्ट पारित किया, जिसने पुलिस को बिना किसी मुकदमे के किसी भी व्यक्ति को जेल में डालने की शक्ति दे दी थी। गांधीजी ने इसे 'बिना वकील, बिना दलील और बिना अपील' का कानून कहा था। इसी कानून के विरोध ने जलियांवाला बाग जैसी महत्वपूर्ण घटनाओं की पृष्ठभूमि तैयार की।
संदर्भ: NCERT Class 8 History (Our Pasts-III), Ch 9, p. 115.

# "सामान्य-ज्ञान"

6. भारत का मानक समय (Standard Time) ग्रीनविच मीन टाइम (GMT) से कितना आगे है? (भूगोल)
उत्तर: 5 घंटे 30 मिनट
उत्तर: भारत का मानक समय 82.5^\circ पूर्व देशांतर रेखा से निर्धारित होता है। चूंकि पृथ्वी 1^\circ घूमने में 4 मिनट लेती है, इसलिए भारत का समय वैश्विक मानक समय से साढ़े पांच घंटे आगे रहता है। यह समय प्रबंधन और अंतरराष्ट्रीय संचार के लिए एक अनिवार्य भौगोलिक तथ्य है।
संदर्भ: NCERT Class 9 Geography, Ch 1 (India – Size and Location), p. 3.

7. संविधान की किस अनुसूची (Schedule) में 'राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों' की सूची दी गई है? (संविधान)
उत्तर: पहली अनुसूची
व्याख्या: भारतीय संविधान की पहली अनुसूची में भारत के सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के नाम तथा उनके न्यायिक क्षेत्रों का उल्लेख है। संविधान निर्माण के समय इसमें 8 अनुसूचियाँ थीं, जो वर्तमान में बढ़कर 12 हो गई हैं। यह भारत के संघीय ढांचे की आधिकारिक सूची है।
संदर्भ: NCERT Class 11 Pol. Science, Ch 1, p. 15; Indian Constitution.

8. किस धातु को 'रणनीतिक धातु' (Strategic Metal) कहा जाता है क्योंकि इसका उपयोग अंतरिक्ष और रक्षा क्षेत्र में अनिवार्य है? (विज्ञान)
उत्तर: टाइटेनियम (Titanium)
व्याख्या: टाइटेनियम लोहा से हल्का लेकिन उतना ही मजबूत होता है और इसमें जंग नहीं लगती। इसका उपयोग विमानों के इंजन, रॉकेट और युद्धपोत बनाने में किया जाता है। अपनी विशिष्ट मजबूती के कारण इसे भविष्य की धातु भी कहा जाता है, जो आधुनिक तकनीक का आधार है।
संदर्भ: NCERT Class 10 Science, Ch 3 (Metals and Non-metals).

9. 'कलमकारी' चित्रकला भारत के किस राज्य की एक प्रसिद्ध पारंपरिक कला शैली है? (कला एवं संस्कृति)
उत्तर: आंध्र प्रदेश
व्याख्या: कलमकारी का अर्थ है 'कलम से किया गया काम'। इसमें सूती कपड़े पर हाथ से या ब्लॉक से प्राकृतिक रंगों का प्रयोग कर चित्र उकेरे जाते हैं। यह कला विशेष रूप से दक्षिण भारत के श्रीकालहस्ती और मछलीपट्टनम क्षेत्रों में प्रचलित है, जो भारत की वस्त्र विरासत का गौरव है।
संदर्भ: NCERT Class 11 Fine Arts (The Living Traditions of India).

10. बिहार के किस जिले में 'बराबर की गुफाएं' (Barabar Caves) स्थित हैं, जो भारत की सबसे पुरानी चट्टान काटकर बनाई गई गुफाएं हैं? (बिहार GK)
उत्तर: जहानाबाद
व्याख्या: जहानाबाद जिले में स्थित ये गुफाएं सम्राट अशोक के काल (मौर्य काल) की हैं। ये गुफाएं मुख्य रूप से 'आजीवक' संप्रदाय के भिक्षुओं के लिए बनाई गई थीं। इनका आंतरिक हिस्सा शीशे जैसा चमकदार है, जो प्राचीन भारतीय वास्तुकला की इंजीनियरिंग का एक अद्भुत प्रमाण है।
संदर्भ: Bihar Economic Survey; SCERT Bihar Class 7 History.

# "सामान्य-ज्ञान"

11. सुरक्षित शनिवार (मार्च W2): चक्रवाती तूफान या आँधी की स्थिति में 'बिजली के उपकरणों' (जैसे टीवी, कंप्यूटर) के साथ क्या करना चाहिए? (विद्यालय सुरक्षा)
उत्तर: अनप्लग करें (प्लग निकालें)
व्याख्या: आपदा कैलेंडर 2026 (मार्च W2: आँधी-तूफान) के अनुसार, ऐसी स्थिति में बिजली के उपकरणों के प्लग सॉकेट से निकाल देने चाहिए। तूफान के दौरान आकाशीय बिजली गिरने या वोल्टेज में अचानक उतार-चढ़ाव होने से ये उपकरण जल सकते हैं और आग लगने का खतरा भी रहता है। यह विद्यालय और घर दोनों की सुरक्षा के लिए एक प्राथमिक निवारक उपाय है।
संदर्भ: मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम (आपदा जोखिम न्यूनीकरण कैलेण्डर 2026).

12. एक टोकरी में कुछ फूल हैं और वे हर मिनट में दोगुने हो जाते हैं। यदि टोकरी 60 मिनट में पूरी भर जाती है, तो वह 'आधी' कब भरी थी? (मानसिक योग्यता)
उत्तर: 59वें मिनट में
व्याख्या: चूंकि फूल हर मिनट में दोगुने हो रहे हैं, इसका अर्थ है कि एक मिनट पहले वे ठीक आधे थे। यदि 60वें मिनट में टोकरी पूरी भरी है, तो उससे ठीक एक मिनट पहले यानी 59वें मिनट में वह आधी भरी होगी। यह प्रश्न छात्रों की 'रिवर्स लॉजिक' (उलटा तर्क) लगाने की क्षमता को परखता है।
संदर्भ: Logical Reasoning for NTSE (High School Level).

GK संकलन:-
शैलेन्द्र कुमार
प्रधान शिक्षक
Govt. PS बोदसर
बगहा-2, प. चम्पारण ।



अनुभाग-4

## -: शब्द - संगम :-

Hinder (हिन्डर) = Obstruct (ऑब्स्ट्रक्ट) = बाधा डालना
Antonym – Assist (असिस्ट) = सहायता करना
Humble (हम्बल) = Modest (मॉडेस्ट) = विनम्र
Antonym – Arrogant (एरोगेंट) = घमंडी
Hasty (हेस्टी) = Quick (क्विक) = जल्दबाज़
Antonym – Careful (केयरफुल) = सावधान
Harsh (हर्ष) = Severe (सिवियर) = कठोर
Antonym – Gentle (जेंटल) = कोमल
Heed (हीड) = Pay attention (पे अटेंशन) = ध्यान देना
Antonym – Neglect (नेग्लेक्ट) = उपेक्षा करना



~: संकलन :~
राकेश कुमार राव
प्रधानाध्यापक
PMश्री +2 NGY उच्च विद्यालय
वाल्मीकिनगर, बगहा-2 , प. चम्पारण ।

# "आज का अख़बार"

## NATIONAL NEWS

**Finland backs India to broker ceasefire in West Asia; Deputy PM Ebba Busch urges PM Modi to mediate amid US-Israel-Iran war, calls for Trump to contact Delhi for peace talks.**
**फिनलैंड ने पश्चिम एशिया में युद्धविराम के लिए भारत की मध्यस्थता का समर्थन किया; उप-प्रधानमंत्री एब्बा बुश ने पीएम मोदी से मध्यस्थता की अपील की, ट्रंप से दिल्ली संपर्क करने का आग्रह।**

**LPG crisis eases as refill bookings drop to 77 lakh; government assures stable supply post Fujairah port safe passage for Indian crude tanker amid Hormuz tensions.**
**LPG संकट कम हुआ, रिफिल बुकिंग 77 लाख पर; फुजैराह पोर्ट से भारतीय क्रूड टैंकर सुरक्षित निकलने के बाद सरकार ने आपूर्ति स्थिर होने का आश्वासन दिया।**

**MEA strongly rejects USCIRF 2026 report calling for sanctions on RSS and R&AW; slams 'biased characterization' of India and imaginary Islamophobia claims at UN.**
**MEA ने USCIRF 2026 रिपोर्ट को खारिज किया, RSS और R&AW पर प्रतिबंध की मांग को 'भारत की पक्षपाती छवि' बताया; UN में काल्पनिक इस्लामोफोबिया दावों की निंदा।**

## INTERNATIONAL NEWS

**Iran war day 17: Trump scolds allies for not joining Strait of Hormuz coalition; seeks symbolic commitments from China, UK, Japan, South Korea to reopen shipping lane.**
**ईरान युद्ध 17वें दिन: ट्रंप ने सहयोगियों को होर्मुज गठबंधन में शामिल न होने पर फटकार लगाई; चीन, यूके, जापान, दक्षिण कोरिया से प्रतीकात्मक प्रतिबद्धता मांगी।**

**Israel eliminates IRGC Basij commander Gholamreza Soleimani and national security chief Ali Larijani in strikes; Iran vows revenge as Gulf attacks continue, oil prices surge.**
**इज़राइल ने IRGC बसिज कमांडर घोलामरेजा सुलेमानी और राष्ट्रीय सुरक्षा प्रमुख अली लारिजानी को हमलों में समाप्त किया; ईरान ने बदला की कसम खाई, खाड़ी हमले जारी, तेल कीमतें बढ़ीं।**

**Trump requests delay in Xi Jinping summit to focus on Iran war; suggests 'taking' Cuba amid island's blackout crisis; global recession fears rise from energy disruptions.**
**ट्रंप ने ईरान युद्ध पर फोकस के लिए शी जिनपिंग समिट टालने का अनुरोध किया; क्यूबा ब्लैकआउट संकट के बीच 'क्यूबा लेने' का सुझाव; ऊर्जा बाधाओं से वैश्विक मंदी की आशंका।**

## BIHAR NEWS

Nitish Kumar's exit reorders Bihar power balance; BJP likely to name new CM soon as son Nishant Kumar inherits JD(U) amid EBC vote base concerns and NDA dynamics.
नीतीश कुमार के बाहर होने से बिहार सत्ता संतुलन बदला; भाजपा जल्द नया सीएम नामित करेगी, बेटे निशांत कुमार JD(U) विरासत संभालेंगे, EBC वोट बैंक और NDA गतिशीलता पर चिंता।

Tejashwi Yadav targets Centre politics in INDIA alliance strategy; says aim not to make own CM but end central interference in Bihar ahead of future elections.
तेजस्वी यादव ने INDIA गठबंधन रणनीति में केंद्र की राजनीति पर निशाना साधा; कहा अपना सीएम बनाने का लक्ष्य नहीं, बिहार में केंद्रीय हस्तक्षेप समाप्त करना।

## SPORTS NEWS

Sanju Samson reveals 'never wanted to be selfless' philosophy after T20 WC heroics; credits authenticity for success in India's back-to-back World Cup triumphs.
संजू सैमसन ने टी20 WC हीरोइक्स के बाद 'स्वार्थी न बनना कभी नहीं चाहा' दर्शन बताया; भारत के लगातार विश्व कप जीत में प्रामाणिकता का श्रेय।

IPL 2026 updates: KL Rahul named Delhi Capitals captain; Aussie duo Josh Hazlewood and Pat Cummins to miss early matches for RCB and SRH due to recovery.
IPL 2026 अपडेट: केएल राहुल दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान नियुक्त; जोश हेजलवुड और पैट कमिंस रिकवरी के कारण RCB और SRH के शुरुआती मैच मिस करेंगे।



संकलन:-
शैलेन्द्र कुमार
प्रधान शिक्षक
रा.प्रा.वि. बोदसर,
बगहा-2, प. चम्पारण।

✍️ संदेश:

"करेंट अफेयर्स का नियमित अध्ययन ही प्रतियोगी सफलता की सबसे मजबूत नींव है।"

## प्रेरक प्रसंग

# "समय की कीमत"

एक विद्यालय में रवि नाम का एक छात्र पढ़ता था। वह बुद्धिमान तो था, लेकिन उसकी एक आदत ठीक नहीं थी—वह हर काम को टालता रहता था। पढ़ाई हो या गृहकार्य, वह हमेशा कहता,

"अभी बहुत समय है, बाद में कर लूँगा।"

धीरे-धीरे यही आदत उसकी सबसे बड़ी कमजोरी बन गई। परीक्षा नजदीक आ गई, लेकिन रवि ने ठीक से तैयारी नहीं की थी। अब वह घबराने लगा। रात-रात भर जागकर पढ़ने लगा, लेकिन जो काम समय पर होना चाहिए था, वह जल्दी-जल्दी में पूरा नहीं हो पा रहा था।

परीक्षा के बाद परिणाम आया। रवि के अंक उम्मीद से कम थे। वह बहुत उदास हो गया। उसे लगा कि वह और अच्छा कर सकता था, अगर उसने समय का सही उपयोग किया होता।

उसके शिक्षक ने उसे समझाते हुए कहा,

"रवि, समय सबसे कीमती संपत्ति है। जो इसे समझ लेता है, वह जीवन में आगे बढ़ता है। काम को टालना आसान लगता है, लेकिन इसका परिणाम हमेशा कठिन होता है।"

रवि को अपनी गलती समझ आ गई। उसने निश्चय किया कि अब वह समय की कद्र करेगा। उसने एक समय-सारिणी बनाई और रोज़ उसी के अनुसार पढ़ाई करने लगा।

कुछ महीनों बाद जब अगली परीक्षा हुई, तो रवि ने अच्छे अंक प्राप्त किए। इस बार उसके चेहरे पर आत्मविश्वास था।

उसे अब समझ आ गया था—

समय पर किया गया छोटा प्रयास भी बड़ी सफलता की नींव बन जाता है।

**सीख :**

समय का सही उपयोग ही सफलता की कुंजी है।

जो आज का काम आज करता है, वही आगे बढ़ता है।



................✍️

मनोज कुमार

प्रधानाध्यापक

रा.म.वि.वाल्मीकिनगर

बगहा 2, प. चम्पारण।

अनुभाग-7

# "शिक्षक संवर्धन"

## प्रारंभिक विद्यालयों में रखे जाने वाले कुछ प्रमुख अभिलेख

किसी विद्यालय में प्रशासनिक एवं शैक्षणिक गुणवत्ता को बनाए रखने तथा समय-समय पर शिक्षा पदाधिकारियों द्वारा किए जाने वाले निरीक्षण के क्रम में अपने द्वारा किए जा रहे कार्य का सही प्रदर्शन हेतु विद्यालय में निम्नलिखित अभिलेखों को रखना आवश्यक है। आपकी सुविधा के लिए यहां विद्यालय में रखे जाने वाले कुछ प्रमुख अभिलेखों की सूची निम्नवत प्रस्तुत है:

1. नामांकन पंजी 2. छात्र उपस्थिति पंजी
3. शिक्षक उपस्थिति पंजी 4. शिक्षकों की पाठ-टीका पंजी
5. वर्ग सामंजन पंजी 6. परीक्षाफल या मूल्यांकन पंजी 7. प्रगति पत्रक वितरण पंजी 8. स्थानांतरण प्रमाण पत्र वितरण पंजी 9. विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की सूची 10. अभिवंचित वर्ग के छात्रों की विवरणिका पंजी 11. अभिभावक गोष्ठी पंजी
12. आगत-निर्गत पंजी 13. आदेश पंजी 14. आकस्मिक अवकाश एवं अन्य अवकाश संधारण पंजी 15.शिक्षक सेवा+इतिहास सधारण पंजी
16.विद्यालय निरीक्षण पंजी 17. विद्यालय संबंधित बैंक में जितना खाता हो उतना कैश-बुक या रोकड़-पंजी 18. अभिश्रव संधारण पंजी 19.विभिन्न तरह के उपयोगिता प्रमाण पत्र संधारण पंजी 20.चेक निर्गत पंजी 21. भंडार पंजी 22. मध्यान्ह भोजन पंजी 23.MDM उपस्थिति पंजी 24.MDM स्टॉक पंजी 25. MDM चखना पंजी 26. MDM निरीक्षण पंजी 27. रसोइया उपस्थिति एवं मानदेय पंजी 28. विद्यालय शिक्षा समिति गठन पंजी 29. विद्यालय शिक्षा समिति बैठक प्रतिवेदन पंजी 30. पुस्तकालय पंजी 31. खेल सामग्री पंजी 32. भवन एवं मरम्मत अभिलेख संधारण 33. इको क्लब पंजी 34. यूथ क्लब पंजी 35. बाल संसद पंजी 36. विद्यालय विकास योजना पंजी 37. मीना मंच बैठक पंजी 38. आपदा प्रबंधन से संबंधित पंजी 39. छात्रवृत्ति / DBT अभिलेख संबंधित पंजी 40. बाल पंजी 41. छीजित बच्चों से संबंधित मुहिम -1 एवं मुहिम-2 पंजी

सभी पंजी प्रधानाध्यापक द्वारा हस्ताक्षरित पृष्ठांकित होना चाहिए तथा समय-समय पर संधारण भी करते रहना चाहिए ताकि निरीक्षण के समय पदाधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत योग्य हो। जो डिजिटल करने योग्य अभिलेख हों उनको डिजिटल कराते हुए हार्ड कॉपी सुरक्षित रखना चाहिए।

..................
मनोज कुमार झा
प्रधानाध्यापक
राज़कीयकृत म. वि. सर्वोदय
बेतिया, प. चम्पारण।



# कैरियर मार्गदर्शन श्रृंखला: पत्र संख्या - 13

## (इंटरमीडिएट के बाद – BBA : Bachelor of Business Administration)

## 'संपादकीय'

प्रीय विद्यार्थियों,

यदि आपकी रुचि व्यवसाय, प्रबंधन, नेतृत्व और उद्यमिता (Entrepreneurship) में है, तो BBA (Bachelor of Business Administration) एक अत्यंत उपयोगी और आधुनिक स्नातक कोर्स है। इस कोर्स में मैनेजमेंट, मार्केटिंग, फाइनेंस, अकाउंटिंग, ह्यूमन रिसोर्स (HR), बिज़नेस लॉ, संगठनात्मक व्यवहार, बिज़नेस कम्युनिकेशन और उद्यमिता विकास जैसे विषय पढ़ाए जाते हैं। इन विषयों के माध्यम से विद्यार्थी किसी भी व्यवसायिक संस्था, कंपनी या स्टार्टअप को समझने और संचालित करने की बुनियादी क्षमता विकसित करते हैं।

अर्हता: मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12वीं उत्तीर्ण (Arts/Science/Commerce किसी भी संकाय से)। सामान्यतः 45–50% अंक अपेक्षित होते हैं।

नामांकन प्रक्रिया: अधिकांश विश्वविद्यालयों में प्रवेश मेरिट या प्रवेश परीक्षा के आधार पर होता है। आवेदन प्रक्रिया सामान्यतः ऑनलाइन होती है।

बिहार के प्रमुख सरकारी विश्वविद्यालय: Patna University – patnauniversity.ac.in
Babasaheb Bhimrao Ambedkar Bihar University – brabu.net
Nalanda Open University – nalandaopenuniversity.com
देश के प्रमुख सरकारी संस्थान:
University of Delhi – du.ac.in
Jamia Millia Islamia – jmi.ac.in
Banaras Hindu University – bhu.ac.in

कोर्स अवधि: सामान्यतः 3 वर्ष (6 सेमेस्टर); कई विश्वविद्यालयों में NEP-2020 के अंतर्गत 4-वर्षीय विकल्प भी उपलब्ध।

रोजगार की संभावना: BBA के बाद कॉर्पोरेट कंपनियाँ, बैंकिंग एवं वित्तीय संस्थान, मार्केटिंग एवं सेल्स, मानव संसाधन प्रबंधन, बिज़नेस एनालिटिक्स, ई-कॉमर्स कंपनियाँ और स्टार्टअप सेक्टर में अवसर मिलते हैं। प्रारंभिक वेतन सामान्यतः ₹20,000–40,000 प्रति माह हो सकता है, जो अनुभव, कौशल और संस्थान की गुणवत्ता के अनुसार बढ़ता है।

उच्च शिक्षा एवं करियर विस्तार: BBA के बाद MBA (Master of Business Administration) सबसे लोकप्रिय विकल्प है। इसके अतिरिक्त बिज़नेस एनालिटिक्स, डिजिटल मार्केटिंग, इंटरनेशनल बिज़नेस, फाइनेंस मैनेजमेंट जैसे क्षेत्रों में विशेषज्ञता प्राप्त की जा सकती है।

वित्तीय सहायता: उच्च शिक्षा के लिए बिहार सरकार की स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना (drcc.bihar.gov.in) के अंतर्गत आर्थिक सहायता उपलब्ध है। छात्रवृत्ति योजनाओं की जानकारी और आवेदन हेतु National Scholarship Portal – scholarships.gov.in एक महत्वपूर्ण मंच है।

संक्षिप्त सलाह: यदि आप भविष्य में कॉर्पोरेट प्रबंधक, बिज़नेस प्रोफेशनल या सफल उद्यमी बनना चाहते हैं, तो BBA आपके करियर की मजबूत शुरुआत सिद्ध हो सकता है। अगले पत्र में – मैट्रिक के बाद : Agriculture Diploma। 🌱

...........✍️



**शैलेन्द्र कुमार**
प्रधान शिक्षक
रा.प्रा.वि. बोदसर, बगहा-2

Reg. No. BR/2025/0487469

# "चम्पारण-ज्ञानाग्रह"

## आइए, हम मिलकर छात्रों के ज्ञान, प्रेरणा और जिज्ञासा को नयी दिशा दें। 🌿🙏

# Thank You..

## बच्चों के हितार्थ अपना बहुमूल्य समय देने के लिए...!!!




**संपादक:-**

**शैलेन्द्र कुमार**

'प्रधान शिक्षक'

Govt. PS बोदसर,
बगहा-2, प. चम्पारण।
(10010803702)

📱-9939671700


अगर आपके मन में कोई नया विचार, कोई इवेंट, कोई एक्टिविटी या किसी बदलाव की पहल है, तो कृपया टीम में बताइए।


+917250818080
teachersofbihar@gmail.com
+917250818080
www.teachersofbihar.org